सोल ऑफ स्टील चैलेंज

14 जनवरी को **उत्तराखंड** में **'सोल ऑफ स्टील'** चैलेंज शुरू किया गया है जिसका उद्देश्य **ऊँचे स्थानों पर व्यक्ति की सहनशक्ति का परीक्षण करना है।**

- इस अभियान का सामान्य क्षेत्र नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान होगा।

सोल ऑफ स्टील चैलेंज:

- यह CLAW ग्लोबल की एक पहल है और इसे भारतीय सेना द्वारा समर्थन प्रदान किया जा रहा है।
- सोल ऑफ स्टील की अवधारणा कौशल समूहों को संयोजित करना और **चुनौतियों का निर्माण करना है जो उच्च ऊँचाई वाले वातावरण में जीवित रहने, स्थिर होने और बढ़ने की मानव क्षमता** को मज़बूत करेगा।
  - यह **यूरोप में लंबी दूरी की ट्रायथलॉन चुनौती** की तर्ज पर आधारित **'आयरनमैन ट्रायथलॉन'** प्रणाली है, जो किसी व्यक्ति के धैर्य और धीरज का परीक्षण करता है।
- जीवन कौशल प्रशिक्षण और युवाओं के विकास के अलावा उत्तराखंड में **साहसिक** पर्यटन **(एडवेंचर टूरिज़्म)** को विश्व स्तर पर बढ़ावा मिलेगा।

CLAW ग्लोबल:

- **CLAW (कॉन्कर लैंड एयर वाटर) ग्लोबल**, यह विशेष बलों के दिग्गजों और कई संस्कृतियों, धर्मों, क्षमताओं आदि से संबंधित दिव्यांगजनों की एक टीम है, जिसका उद्देश्य क्षमता एवं स्वतंत्रता की मज़बूत भावना व विश्वास के साथ टीम वर्क के महत्त्व को प्रदर्शित करना है।
  - इसकी स्थापना जनवरी 2019 में एक पैरा स्पेशल फोर्स ऑफिसर **मेजर विवेक जैकब** द्वारा की गई थी, जो 14 वर्ष की सेवा के बाद एक लड़ाकू स्काईडाइव के दौरान चोट लगने के बाद सेवानिवृत्त हो गए थे।
- CLAW ने दिव्यांगजनों की मज़बूत **भावना और क्षमता को व्यक्त करने के लिये 'ऑपरेशन ब्लू फ्रीडम' नामक आंदोलन शुरू किया।**
- **नोट:**
  - **सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस** प्रत्येक वर्ष 14 जनवरी को मनाया जाता है। इस दिन वर्ष 1953 में भारतीय सेना के पहले **भारतीय कमांडर-इन-चीफ, फील्ड मार्शल केएम करियप्पा औपचारिक रूप से सेवानिवृत्त** हुए।
  - उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ वर्ष 1947 के युद्ध में भारतीय सेना को विजय दिलाई।
  - यह दिन पहली बार वर्ष 2016 में मनाया गया।

स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/soul-of-steel-challenge